# उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर

## प्रशासकीय परिषद्

### तेईसवीं बैठक दिनांक 05–11–2020

<u>कार्यवृत्त</u>

प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 05–11–2020 को ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न तेईसवीं बैठक में निम्न सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

| कमांक | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | इंजी0 सुशील कुमार गुप्ता,<br>माधुर्य–626 बी0 गांधी नगर,<br>सिविल लाइन्स, रायबरेली, (यू0पी0) | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 विनय कुमार पाठक,<br>मा0 कुलपति, ए0के0टी0यू0,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | श्री कृपा शंकर सिंह,<br>संयुक्त सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 आर0एस रेंगासैमी,<br>विभागाध्यक्ष, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी विभाग,<br>आई0आई0टी0, दिल्ली–110016 | सदस्य |
| 5. | श्री मनोज कुमार,<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 6. | डा0 शिखा सिंह,<br>एसोसिएट प्रोफेसर, सी0एस0जे0एम0यू0,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 7. | डा0 अनिल कुमार,<br>स्टेट प्रोजेक्ट एडवाइजर, टेकिप–III, उ0प्र0,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 के0एल0 महावर,<br>प्रोफेसर, लाइब्रेरी साइंस, बाबा भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, विद्या विहार,<br>रायबरेली रोड, लखनऊ–226025 | सदस्य |
| 9. | प्रो0 एस0पी0 बोरकर,<br>बी0जे0टी0आई0,<br>मुम्बई। | सदस्य |
| 10. | श्री अजय जौहरी,<br>उपनिदेशक,<br>कोषागार एवं पेंशन,<br>कानपुर। | प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग सदस्य |
| 11. | प्रो0 ए0के0 पात्रा,<br>प्रोफेसर टेक्सटाइल केमिस्ट्री विभाग,<br>यूपीटीटीआई, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 मुकेश कुमार सिंह,<br>निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य सचिव |

सदस्य सचिव

सर्वप्रथम प्रशासकीय परिषद के सदस्य सचिव द्वारा परिषद के अध्यक्ष इंजी0 सुशील कुमार गुप्ता जी से 23वीं बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की। अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया तथा बैठक की कार्यवाही आगे बढ़ाने की अनुमति प्रदान की।

## 23.01 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की बाई सर्कुलेशन माध्यम से सम्पन्न इक्कीसवीं एवं बाईसवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टिकरण का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 21–23 अगस्त, 2020 एवं 21–23 सितम्बर, 2020 को सम्पन्न इक्कीसवीं एवं बाईसवीं बैठक के कार्यवृत्त का प्रशासकीय परिषद ने सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया।

## 23.02 मा0 न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों से परिषद को अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद द्वारा मा0 न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों का अवलोकन किया एवं सुझाव दिया कि जिन वादों में प्रतिशपथ पत्र शासन के स्तर से लम्बित है उन वादों में शासन से प्रभावी रूप से वार्ता कर प्रतिशपथ पत्र दाखिल कराये जाये।

## 23.03 संस्थान में ए0के0टी0यू0 द्वारा संचालित पं0 दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम में हुई प्रगति से अवगत कराने एवं आगामी सत्र में की जाने वाली कार्यवाही पर अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव।

**Phase-I**

A. Hard Component

| क0 सं0 | Date of Meeting | कार्य का नाम | धनराशि (रू0 में) | वर्तमान में व्यय की जा चुकी धनराशि (रू0 में) | Required Amount from AKTU |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 28.08.2018 | संस्थान में प्रयोगशाला सह अध्ययन कक्षों का निर्माण | * 67106806 | 26920000 | 40186806 |
| 2. | 30.01.2019 | संस्थान के संकाय सदस्यों/स्टूडेन्ट हेतु फर्नीचर | 2893194 | 2893194 | 0 |
| | A. Total of Hard Component | | 70000000 | 29813194 | 40186806 |

B. Soft Component

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3. | 13.02.2018 | संस्थान की वेबसाइट का विकास | 73160 | 73160 | 0 |
| 4. | 14.06.2018 | Development of Conductive Polymer Coated Textile for Novel Application S. Maity | 1100000 | 694459 | 405541 |
| 5. | 14.06.2018 | Development of Polyrrole Functionalized Textile for Wastewater Treatment S. Maity | 200000 | 166144 | 33856 |
| 6. | 30.01.2019 | Fabrication of Thermal Conductivity Tester for Textile and Other Similar Materials, By Dr Suprio Chakroborty | 560098 | 560098 | 0 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. | 28.08.2018 | Reutilization of Discarded Waste Biomass for Formulation Development Work against Agricultural, Textile and Household Pest by Dr. Neelu Kambo | 1050000 | 0 | 1050000 |
| 8. | 28.08.2018 | Development of Eco-Friendly Mosquito Repellent Finished Cotton Fabric by Herbal Method by Dr. Neelu | 580000 | 67496 | 512504 |
| 9 | 28.08.2018 | (पुस्तकें) क्रय करने हेतु प्रस्ताव | 601194 | 161319 | .439875 |
| 10 | 28.08.2018 | कम्प्यूटर सामग्री के क्रय का प्रस्ताव | 1041940 | 1041940 | 0 |
| 11 | 28.08.2018 | वाईफाई इंटरनेट सुविधा का विस्तार | 7396535 | 7396535 | 0 |
| 12 | 14.06.2019 | Procurement of E Books and E Journals | 3000000 | 00.00 | 3000000 |
| 13 | 14.06.2019 | Procurement of Software | 1705846 | 1705846 | 0 |
| | | Computer purchase | 4646270 | 4646270 | |
| | | Laptop 02 nos through GeM for Project Work | 221890 | 0 | 221890 |
| | | ERP Purchase | 7000000 | 0 | 7000000 |
| | | Procurement of Teaching aid (Graphic teaching pad Wacom for online teaching 25 Nos for Faculty) | 823067 | 0 | 823067 |
| | | B. कुल लागत रू० (Soft Component) | 30000000 | 16513267 | 13486733 |
| | | Total of A and B | 100000000 | 46326461 | 53673539 |

*

हार्ड कॉम्पोनेन्ट के क्रम संख्या १ पर वर्णित सिविल कार्य की कुल लगत रु 67300000 है। वर्तमान में हार्ड कॉम्पोनेन्ट की समस्त धनराशि का उपयोग करने के बाद भी रु 193194 की कमी है। कार्य की पूर्णता हेतु उक्त धनराशि की मांग परियोजना के द्वितीय चरण में की जा रही है।

Phase-II

**Proposal Cost: Rs 500.00 Lac**

# Summary

| Sl No | Name of Item | Total estimated cost (lac Rs) |
|---|---|---|
| | **A. Soft Component** | |
| 1 | Research Project on Developing PPE KITS<br>• Developing N95 level or better mask to fight against viral governed pandemic along with creation of Mask Testing Facility<br>• Developing Personnel Protective Equipment Kit for Health Care Workers of Viral Pandemic Hospitals and Functional dress for Police Personals to work under Viral Infected Areas along with creation of PPE kit Testing Facility.<br>Prof. Mukesh Kumar Singh Dr S Maity and Dr. Suprio Chakroborty | 56.00 |
| 3 | Online (Virtual) Teaching Learning and Classroom smart technological Setup including networking. | 82.00 |
| 5 | Establishment of Language Lab for 30 systems as per AICTE Norms (Soft Component Part) | 05.00 |
| 6 | Sanitization Project for In Campus Sanitisation arrangements against Covid-19 | 7.00 |
| | **Total A (Soft Component)** | 150.00 |
| | **B. Hard Component** | |
| 1 | नए अकादमिक ब्लॉक के द्वितीय तल पर अध्ययन कक्षों का निर्माण। | 300.00 |
| 2 | फेज १ के प्रस्ताव के अंतर्गत बनाये जा रहे लैब सह अध्ययन कक्षों के निर्माण में कम पड़ रही धनराशि जिसे प्रोजेक्ट के द्वितीय चरण में प्राप्त करने का प्रस्ताव है | 2.00 |
| 3 | Establishment of Language Lab for 30 systems as per AICTE Norms (Hard Component Part) | 19.00 |

सदस्य सचिव

| | | |
|---|---|---|
| 4 | संस्थान में सोलर प्लांट एवं सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाने के प्रस्ताव | 29.00 |
| | **Total B (Hard Component)** | 350.00 |
| **Total (A+B)** | | **500.00** |

प्रशासकीय परिषद द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन किया एवं अनुमोदन प्रदान किया।

## 23.04 TEQIP-III के अन्तर्गत एवं संस्थान स्तर पर जैम के माध्यम से की गयी कृत कार्यवाही के अवलोकन एवं नवीन प्रस्तावों के अनुमोदन का प्रस्ताव।

**Academic Activities**

| Sr. No. | Activity Name | Tentative Date | Estimated Exp. (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | GATE 2021 Training | Oct'20- Mar'21 | 15,00,000/- |
| 2 | NBA Accreditation fees and related expenditures | Oct'20- Dec'20 | 3,00,000/- |
| 3 | GATE Students Registration fees for Final Year 2020-21 | Oct'20- Dec'20 | 1,80,000/- |
| 4 | Induction Program for session 2020-21 | Oct'20- Dec'20 | 3,93,000/- |
| 5 | Invited Expert Lecture | Oct'20- Dec'20 | 50,000/- |
| 6 | Stationery for TEQIP Office | Oct'20- Dec'20 | 20,000/- |
| 7 | AMC for Equipment's/Machines | Oct'20- Dec'20 | 4,00,000/- |

**मा0 प्रशासकीय परिषद अनुमोदन हेतु**

**Proposed list of Item to be Procured**

| Sr. No. | Item Name | Qty. | Est. Amount (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Laptop for TEQIP Office | 01 | 53,000/- |
| 2 | Portable Hard Disk for TEQIP Office | 01 | 15,000/- |
| 3 | Battery for Laptop | 02 | 12000/- |

**Teaching Aids Soft Component (छात्रों के पठन–पाठन हेतु)**

| Sr. No. | Item Name | Qty. | Est. Amount (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | SAGE Online journal TRJ & JIT | 01 | 3,66,541/- |
| 2 | EBSCO Host-Online Database Textile Technology Complete | 01 | 3,12,737/- |
| 3 | Delnet World E-Book Library | 01 | 1,10,330/- |

जैम के माध्यम से सेवा प्रदाता द्वारा प्राप्त कम्प्यूटर आपरेटर, पुस्तकालय लिपिक एवं अन्य लिपिक संवर्ग में इंगेज कार्मिकों पर आने वाले व्यय का विवरण। अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु

| विवरण | प्रतिशत | धनराशि रूपये में |
|---|---|---|
| मूलराशि | | 14150.00 |

सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद

| | | |
|---|---|---|
| ई0पी0एफ0 सेवा प्रदाता नियोक्ता | 12 | 1698.00 |
| ई0पी0एफ0 संस्थान द्वारा | 12 | 1698.00 |
| ई0एस0आई0 | 3.25 | 459.87 |
| सर्विस चार्ज | 0.01 | 1.42 |
| कुल | | 18007.29 |
| कुल धनराशि (राउण्ड आफ) | | 18000.00 |

मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा टेकिप–।।। के एवं जैम के माध्यम से सेवा प्रदाता द्वारा प्राप्त कम्प्यूटर आपरेटर ,पुस्तकालय लिपिक एवं अन्य लिपिक संवर्ग में इंगेज कार्मिकों प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया। एम0आई0एस0 आफीसर श्री अस्तित्व तिवारी एवं अन्य टेकिप–।।। कार्यालय स्टाफ के इंगेजमेन्ट को प्रोजेक्ट समाप्ति एवं उसके पश्चात् तीन से चार माह अधिक तक इंगेज रखने का अनुमोदन प्रदान किया। मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्तुत की गयी कि साफ्ट कम्पोनेन्ट में अवशेष धनराशि के समाप्त होने तक प्रोजेक्ट को स्थगित न किया जाय। एस0पी0आई0यू0 एवं एन0पी0आई0यू0 को प्रशासकीय परिषद की संस्तुति से अवगत कराया जाय।

## 23.05 संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

संस्थान में चल रहे निर्माण कार्य की स्थिति का अवलोकन किया तथा सुझाव दिया कि यू0पी0पी0सी0एल0 के प्रबन्ध निदेशक को पत्र लिखकर प्रशासकीय परिषद की उनकी कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता से अवगत कराया जाय।

## 23.06 संस्थान की प्रशासकीय परिषद में नामित नये सदस्य डा0 एस0पी0 बोरकर जी से परिषद को परिचय कराने का प्रस्ताव।

मा0 प्रशासकीय परिषद से प्रो0 एस0पी0 बोरकर का परिचय कराया गया।

## 23.07 संस्थान की डा0 आभा भार्गव, (प्रो0 सेवानिवृत्त) के अन्तिम देयक (जी0 आई0 एस0 एवं नगदीकरण) के विषय में अवगत कराना।

मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा डा0 आभा भार्गव के अन्तिम भुगतान किये जाने के विषय पर संतोष व्यक्त किया।

## 23.08 उ0प्र0 सरकार एवं मा0 कुलपति, ए0के0टी0यू0 के निर्देशानुसार संस्थान के रिक्त पदों पर विज्ञापन का प्रारूप एवं प्रकिया के अनुमोदन का प्रस्ताव।

सदस्य सचिव
[illegible] परिषद

मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव को इस शर्त के साथ अनुमोदन प्रदान किया कि मा0 प्रशासकीय परिषद के द्वारा पूर्व में पारित प्रस्ताव जोकि संस्थान के सभी स्वीकृत पदों की रिस्ट्क्चरिंग के संबंध में था, को शासन को पुनः प्रेषित किया जाय तथा शासन से उक्त के संबंध में लगातार वार्ता की जाय। इस बीच अगर शासन से रिक्त पद विज्ञापित करने का निर्देश प्राप्त होता है तो रिक्त पदों के विज्ञापन करने एवं चयन प्रकिया को अनुमोदन प्रदान किया।

**23.09 संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के पद को असिस्टेन्ट प्रोफेसर कम्प्यूटर साइंस किये जाने का प्रस्ताव।**

मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की एवं शासन को उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त करने हेतु तत्काल प्रेषित करने का निर्देश प्रदान किया।

**23.10 प्रशासकीय परिषद की 19वीं बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार संस्थान के मृतक कर्मचारी श्री महावीर पाण्डेय के आश्रित को सेवा में लिये जाने का प्रस्ताव।**

प्रशासकीय परिषद की 19वीं बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार शासन से प्राप्त पत्र में वर्णित व्यवस्था एवं उ0प्र0 सरकार की उ0प्र0 सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली–1974 एवं शासनादेश सं0–3/6/12/73/का–2–टीसी–4 दिनांक 22 जनवरी, 2014 से निर्गत अधिसूचना में वर्णित व्यवस्था के अनुपालन में स्व0 श्री महाबीर पाण्डेय के आश्रित श्री अमर पाण्डेय जिनको सेवा में लिये जाने की उनके परिवार को अन्य सदस्यों ने अनुसंशा की है, को सेवा में लिये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

**23.11 संस्थान के पूर्व छात्रों एवं वर्तमान छात्रों के बीच बेहतर समन्वय हेतु एल्युमिनी रिसर्च सेल (ए0आर0सी0) की स्थापना के अनुमोदन का प्रस्ताव।**

मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव की भरपूर सराहना करते हुये कहा कि उक्त प्रयास छात्रों के हित में एक अद्वितीय प्रयास है। उक्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**23.12 संस्थान एवं शासन के पक्ष को विभिन्न मा0 न्यायालयों में प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने हेतु अधिवक्ताओं को इनपैनल किये जाने का प्रस्ताव।**

सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद
उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिक संस्थान
कानपुर

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के लिए पूर्व से इनपैनल अधिवक्ता श्री रोहित पाण्डेय, मा0 उच्च न्यायालय, प्रयागराज एवं श्री युगराज सिंह, मा0 राज्य न्यायाधिकरण, लखनऊ के स्थान पर श्री समीर ओम, श्री सूर्यभान सिंह एवं श्री संतोष कुमार वर्मा को इस शर्त के साथ इनपैनल करने का अनुमोदन प्रदान किया गया कि सम्बन्धित अधिवक्ताओं को उ0प्र0 शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर पारिश्रमिक का भुगतान किया जाय।

## 23.13 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अनुमति से अन्य किसी प्रस्ताव पर विचार।

(अ) संस्थान के टेकिप–।।। के मेन्टर इंस्टीट्यूट, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट आफ केमिकल टेक्नोलॉजी, नार्थ महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी के निदेशक प्रो0 जे0बी0 नायक को प्रशासकीय परिषद में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नामित करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

(ब) एच0बी0टी0यू0, कानपुर में प्रचलित व्यवस्था के अनुरूप सरकारी आवास में आवासित कर्मचारी की सेवानिवृत्त के समय अन्तिम दो माह का वेतन उसके द्वारा सरकारी आवास रिक्त कर विद्युत एवं अनुरक्षण संबंधी देयकों का भुगतान करने के पश्चात निर्गत किये जाने के प्रस्ताव पर मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| 13/11/20 | | 13/11/2020 |
| (डा0 मुकेश कुमार सिंह)<br>निदेशक एवं सदस्य सचिव<br>प्रशासकीय परिषद<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | (श्री कृपा शंकर सिंह)<br>संयुक्त सचिव एवं<br>प्रतिनिधि उपाध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद | (श्री सुशील कुमार गुप्ता)<br>अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी<br>संस्थान, कानपुर। |
| सदस्य सचिव<br>प्रशासकीय परिषद<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिक संस्थान<br>कानपुर | उपाध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी, संस्थान, कानपुर | अध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान<br>11/208, सूटरगंज, कानपुर |

4